भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1542
31.07.2024 को उत्तर देने के लिए

मुंबई की मलिन बस्ती के लिए संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड) निधि

1542. श्री अनिल यशवंत देसाई:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत मुम्बई में कई विकास परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान मुम्बई के विभिन्न भागों में क्रियान्वित विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान एशिया की सबसे बड़ी मलिन बस्ती धारावी, मुम्बई में इस योजना के अंतर्गत व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) और (ख) जी हां। विगत तीन वर्षों के दौरान मुंबई के विभिन्न भागों में क्रियान्वित विकासात्मक परियोजनाओं का ब्यौरा (अनुलग्नक-I) संलग्न है ।

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान एशिया की सबसे बड़ी मलिन बस्ती-धारावी, मुंबई में एमपीलैड योजना के अंतर्गत व्यय की गई निधि का ब्यौरा संलग्न (अनुलग्नक-II) है ।

*****

अनुबंध-I

{दिनांक 31.07.2024 को उत्तर देने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1542 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में संदर्भित अनुबंध}

तालिका: विगत तीन वर्षों के दौरान मुंबई के विभिन्न हिस्सों में क्रियान्वित विकासात्मक परियोजनाओं का ब्यौरा

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	अनुशंसित कार्यों की संख्या	संस्वीकृत कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या	चालू कार्यों की संख्या
1	2021-22	164	159	85	74
2	2022-23	468	463	249	214
3	2023-24	456	445	83	362

नोट: आंकड़े राज्य नोडल प्राधिकरण, महाराष्ट्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हैं।

*****

अनुबंध-II

{दिनांक 31.07.2024 को उत्तर देने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1542 के उत्तर के भाग (ग) में संदर्भित अनुबंध}

तालिका: विगत तीन वर्षों के दौरान एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती - धारावी, मुंबई में एमपीलैड योजना के अंतर्गत व्यय की गई निधि का ब्यौरा

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	अनुशंसित कार्यों की संख्या	संस्वीकृत कार्यों की संख्या	पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या	चालू कार्यों की संख्या	उपयोग की गई राशि)₹ में(
1	2021-22	0	0	0	0	0
2	2022-23	4	4	1	3	4,93,276
3	2023-24	4	4	0	4	0

नोट: आंकड़े राज्य नोडल प्राधिकरण, महाराष्ट्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हैं।

*****